MANAGE Bulletin
www.manage.gov.in
राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान
अप्रैल 2021

महानिदेशक का संदेश.....

हम सब वर्तमान में कोविड-19 के फैलाव के कारण सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। मैनेज में हम गहराई से महसूस करते हैं कि इस महामारी के समय खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे मुख्य हितधारकों, विशेष रूप से किसानों का स्वास्थ्य और सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। मैनेज मानता है कि, एक विस्तार संगठन होने के नाते कोविड-19 के खिलाफ लड़ने में हमारी भी एक वैज्ञानिक सामाजिक जिम्मेदारी है।

मैनेज ने केयर हॉस्पिटल्स, हैदराबाद के सहयोग से कोविड-19 के लक्षणों, क्या करें और क्या न करें और महामारी के फैलाव को रोकने के लिए निवारक और सुरक्षा उपायों पर एक प्रस्तुति तैयार की है। किसानों के लिए जारी भारत सरकार, आईसीएआर और आईवीआरआई की एडवाइजरी को भी इस प्रस्तुति में शामिल किया है।

हमने अपने भागीदारों यथा समेती, ईईआई, पीजीडीएम (एबीएम) के छात्र और पूर्व छात्र, एसीएबीसी योजना के तहत नोडल प्रशिक्षण संस्थान (एनटीआई), योग्य देसी फेसिलिटेटरों और इनपुट डीलर, कृषि स्टार्टअप, पीजीडीएईएम उम्मीदवार, प्रमाणित फार्म / पशुधन सलाहकार, सेवा, मैनेज (SEVA) के सदस्य, एनएनएजे-मैनेज और फैसिलिटेटर्स से अनुरोध किया है कि ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से अपने राज्यों में किसानों की जानकारी के लिए इस प्रस्तुति का उपयोग करके कोविड जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। इस अपील को अच्छी तरह से स्वीकार किया गया और प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक रहा है। हम मई 2021 के अंत तक कम से कम 1 लाख किसानों तक इस सूचना को पहुँचाने की उम्मीद करते हैं।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैनेज को एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा 2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ विस्तार शिक्षा संस्थान का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार मैनेज को तीन दशकों से अधिक समय से नवीन अवधारणाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से देश में कृषि विस्तार प्रणाली को मजबूत करने के लिए उसके अपार योगदान के लिए दिया गया था।

मुझे यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि मैनेज को एक बार फिर 24वें बैच (बैच 2019-21) के 55 पीजीडीएम (एबीएम) छात्रों के लिए 100% प्लेसमेंट मिला है, जो प्रमुख कृषि-व्यवसाय कंपनियों में सबसे अधिक वेतन 16.00 लाख एलपीए और औसत वेतन रु. 10.07 लाख एलपीए है। यह उपलब्धि कॉरपोरेट्स में मैनेज के टैलेंट पूल के प्रति बढ़ते भरोसे का प्रमाण है।

मैनेज ने अपनी शैक्षणिक गतिविधियों और प्रशिक्षण गतिविधियों को भी 01 अप्रैल 2021 से ऑनलाइन मोड से अधिक संख्या में हितधारकों और भागीदारों तक पहुंचने और देश में कृषि विस्तार प्रणाली में सुधार के अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए शुरू किया है।

डॉ. पी. चंद्रा शेखरा
महानिदेशक

वर्ष 2021 के लिए पीजीडीएम (एबीएम) छात्रों को 100% प्लेसमेंट प्राप्त

मैनेज ने पीजीडीएम (एबीएम) के 24वें बैच (बैच 2019-21) के लिए प्लेसमेंट सीजन का समापन स्थापना से लेकर अब तक 100% प्लेसमेंट की अपनी स्थिति को बरकरार रखते हुए किया है। प्लेसमेंट प्रक्रिया वस्तुत: कोविड-19 के फैलाव को रोकने और छात्रों, कर्मचारियों और भर्ती करने वालों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले बुरे असर को रोकने के लिए लिए वर्चुअल मोड में किया गया है। मैनेज ने वर्चुअल मोड में पीजीडीएम (एबीएम) के 24वें बैच के लिए 100% प्लेसमेंट हासिल कर लिया है। प्लेसमेंट के लिए प्रस्तुत होने वाले छात्रों की संख्या 65 थी और 31 कंपनियों ने इन छात्रों को ऑफर दिए जो इस साल प्लेसमेंट के लिए उपस्थित रहे।

मैनेज प्लेसमेंट 2021 की मुख्य बिन्दु

- उच्चतम वेतन रु.16 लाख प्रति वर्ष
- औसत वेतन रु.10.07 लाख प्रति वर्ष
- माध्यस्थ वेतन रु. 10 लाख प्रति वर्ष
- 31 नियोक्ताओं से 55 नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हुए
- लोगों के इंटर्नशिप निष्पादन के आधार पर 11 सुरक्षित पीपीओ
- 10 उच्च पर्सनटैल औसत वेतन 15.14 लाख प्रति वर्ष
- बैच के उच्च 25% रु.13.37 लाख प्रति वर्ष
- बैच के उच्च 50% रु. 12.04 लाख प्रति वर्ष

इस साल के प्लेसमेंट ड्राइव में इकतीस (31) कंपनियों ने भाग लिया और 54 कंपनियों छात्रों को ऑफर दिए और 11 पीपीओ छात्रों द्वारा उनके संबंधित ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रमों में उनके प्रदर्शन के आधार पर प्लेसमेंट सुरक्षित किया है। इस साल दिया जाने वाला उच्चतम पैकेज 16 लाख प्रति वर्ष है। अर्थव्यवस्था की संघर्षपूर्ण स्थिति के बावजूद इस वर्ष का औसत पैकेज 10.07 लाख प्रति वर्ष रहा, जो पिछले वर्ष के औसत से अधिक है। "यह उपलब्धि कॉरपोरेट्स में मैनेज के टैलेंट पूल के प्रति बढ़ते भरोसे का प्रमाण है।"

31 कंपनियों में से 14 कंपनियां पहली बार भर्ती करने वाली हैं। ये भर्तीकर्ता कृषि व्यवसाय क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि इनपुट, कृषि आऊटपुट (कमोडिटी), एनबीएफसी, खुदरा, पशु चारा क्षेत्र आदि से हैं, एगटेक स्पेस के कुछ होनहार स्टार्टअप्स ने भी भाग लिया। सबसे अधिक भुगतान करने वाला रिक्रूटर आईटीसी एग्रीबिजनेस डिवीजन था।

इस वर्ष भाग लेने वाली कृषि व्यवसाय कंपनियों में आईटीसी कृषि व्यवसाय प्रभाग, डाबर इंडिया, श्रेष्ठ/नैचुरल बायोप्रोडक्ट्स और डीएस समूह शामिल हैं। कृषि इनपुट कंपनियां जैसे बीएएसएफ, कोरोमंडल इंटरनेशनल, कोर्टेवा एग्रीसाइंसेज, पीआई इंडस्ट्रीज इत्यादि भी थे। कंसल्टेंसी एंड मार्केट रिसर्च डोमेनसे- केपीएमजी, प्राइसवाटरहाउस कूपर्स और क्रिसिल लिमिटेड थे। फ्यूचर ग्रुप जैसी रिटेल फर्मों ने भी इस साल भर्ती की है। एजीटेक कंपनियों जैसे वोकस तकनीक (FASAL), ग्रो इंडिगो और किसानवाला टेक्नोलॉजीश ने भाग लिया। समुन्नती वित्तीय मध्यस्थता, ईएसएएफ एसएफबी, आईडीएफसी बैंक और भारत वित्तीय समावेशन जैसे बैंकिंग और वित्त संगठनों ने भी भाग लिया।

सर्वश्रेष्ठ विस्तार शिक्षा संस्थान पुरस्कार 2021 - मैनेज

मैनेज ने 2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ विस्तार शिक्षा संस्थान का पुरस्कार जीता

मैनेज द्वारा तीन दशकों से कृषि विस्तार के क्षेत्र में नवीन योजनाओं, शैक्षिक कार्यक्रमों, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों, नीति समर्थन, कार्य अनुसंधान और परामर्शी सेवाओं में दिए अपने योगदान के लिए एग्रिकल्चर टुडे ग्रूप द्वारा वर्ष 2021 के लिए "सर्वश्रेष्ठ विस्तार शिक्षा संस्थान" पुरस्कार प्राप्त किया गया। एसीएबीसी, डीएईएसआई, पीजीडीएम (एबीएम), पीजीडीएईएम, सीएफए/सीएलए, एग्री स्टार्टअप जैसी योजनाओं और कार्यक्रमों राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों और देश के कृषि विस्तार प्रणाली को मजबूत करने के लिए मैनेज-सेवा, एनएनएजे-मैनेज, एफपीओ अकादमी, मैनेज कृषि ज्ञानदीप नॉलेज लेक्चर सीरीज जैसी नवोन्मेषी गतिविधियों के माध्यम से मैनेज अपार योगदान दे रहा है।

यह पुरस्कार 9 अप्रैल, 2021 को एक वर्चुअल समारोह के माध्यम से डॉ. पी.चंद्रा शेखरा, महानिदेशक, मैनेज को प्रदान किया गया। जूरी के अध्यक्ष डॉ. ए.के.सिंह, उप महानिदेशक (विस्तार), भाकृअनुप; डॉ. एम.जे.खान, एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप के अध्यक्ष; समारोह के दौरान श्रीमती ममता जैन, संपादक और सीईओ और कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. पी.चंद्रा शेखरा, महानिदेशक, मैनेज ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय को उनसे प्राप्त समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और इस बात पर जोर दिया कि किसानों के लाभ के लिए नवीन और समावेशी कार्यक्रमों के माध्यम से कृषि विस्तार में सुधार लाने की आवश्यकता है और यह अश्वासन दिया कि मैनेज अपनी गतिविधियों के माध्यम से कृषि विस्तार को मजबूत करने के लिए अपने प्रयासों को पुनः समर्पित करेगा। उन्होंने मैनेज के संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को उनके अपार योगदान के लिए धन्यवाद दिया और पुरस्कार प्रदान करने के लिए एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप को धन्यवाद दिया।

एसीएबीसी योजना

कोविड-19 के चलते कृषि उद्यमिता द्वारा कृषक समुदाय की सेवा



कोविड -19 ने जीवन के सभी क्षेत्रों को प्रभावित किया है और दुनिया को अस्त-व्यस्त स्थिति में डाल दिया है। कठिन समय के दौरान, एसी और एबीसी योजना के तहत प्रशिक्षित कृषि उद्यमियों ने कृषि क्षेत्र में कोविड -19 महामारी के विपरीत कार्य करने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए कदम बढ़ाया है। वे महामारी को नियंत्रित करने के लिए जारी सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसरण में अपने संचालन के तरीकों को बदलने में कामयाब रहे हैं। हालांकि महामारी ने कृषि उद्यमियों द्वारा प्रदत्त उत्पादों और इनपुटों की बिक्री को प्रभावित किया है, लेकिन उनकी विस्तार सेवाएं बरकरार हैं और टेलीफोनिक या ऑनलाइन मोड के माध्यम से चल रही हैं।

कृषि उद्यमियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के अनुभव के आधार पर, मैनेज ने "कृषि विस्तार और सलाहकार सेवाएं: कोविड -19 के चलते कृषि उद्यमिता के माध्यम से कृषि समुदाय द्वारा की जाने वाली सेवा" शीर्षक से एक वर्किंग पेपर प्रकाशित किया जो कोविड -19 लॉकडाउन के प्रभाव को कम करने में कृषि उद्यमियों द्वारा प्रदान की जाने वाली विस्तार समर्थन सेवाओं और उनकी भूमिका को साझा करता है। कृषि उद्यमियों जिन्होंने कोविड -19 के दौरान देशभर में तालाबंदी से काम न होने स्थिति से गुजर रहे थे, विशेष रूप से अप्रैल, 2020 (56.1%) और मई, 2020 (43.9%) के दौरान पर एक रिपोर्ट शामिल है। दूसरी ओर, कृषि उद्यमियों को और भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ा जैसे गतिशीलता न होना, अपर्याप्त पूंजी, गलत संचार के कारण समुदाय में अस्थिरता, समुदाय में घबराहट, किसानों से अपर्याप्त प्रतिक्रिया, खुद की कठिनाइयाँ, विविध ग्राहक, कृषि विकास विभागों से अपर्याप्त प्रतिक्रिया, अपर्याप्त सरकारी नीतियां, किसानों के पास तकनीकी उपकरणों (गैजेट्स / इंटरनेट सेवाओं) की अपर्याप्तता और कोविड -19 से संबंधित विभिन्न अन्य चुनौतियां। गतिशीलता की कमी ने कृषि उद्यमियों को अपने ग्राहकों और किसानों के साथ सूचनाओं के प्रसार और आदान-प्रदान के लिए विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। जैसा कि वर्किंग पेपर में बताया गया है, मोबाइल कॉलिंग (73.5%) और व्हाट्सएप प्लेटफॉर्म (67.4%) कृषि उद्यमियों द्वारा सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला प्लेटफॉर्म था। वर्किंग पेपर मैनेज की वेबसाइट https://www.manage.gov.in/publications/working%20papers/MANAGE_Working%20Paper%204-2020.pdf पर उपलब्ध है।

मैनेज सर्वीस एक्सटेन्शन थ्रू वॉलेन्टरी एसोसिएशन (एस ई वी ए) इनिशिएटिव

कृषि विकास में सेवानिवृत्त पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका को महसूस करते हुए, मैनेज ने आईसीएआर, केवीके, एसएयू के व्यवसायियों, कृषि, बागवानी और संबद्ध विभागों के विस्तार अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों के पेशेवरों, कॉर्पोरेट्स के अधिकारियों, कृषि से संबंधित सभी सेवानिवृत्त पेशेवरों को एक साथ लाने के लिए एक ऑनलाइन मंच बनाया है जिससे कि उनकी विशेषज्ञता, समृद्ध अनुभवों और सेवाओं का उपयोग करने के लिए एक एकल मंच तैयार रहें। अब तक लगभग 400 सदस्यों ने सेवा मैनेज पर नामांकन किया है।

सतत कृषि, जलवायु परिवर्तन और अनुकूलन केंद्र, मैनेज ने 26-02-2021 को विस्तार सेवा के माध्यम से स्वैच्छिक जुड़ाव (SEVA) के माध्यम से सदस्यों को सेवा के उद्देश्यों के बारे में अवगत कराने और मैनेज गतिविधियों के बारे में परिचित कराने के लिए एक वेबिनार आयोजित किया है। वेबिनार के दौरान, सेवा (SEVA) सदस्यों की रुचि और विशेषज्ञता के आधार पर परियोजनाओं को विकसित करने, लागू करने और बढ़ाने के लिए सेवा सदस्यों को संस्थागत सहायता प्रदान करने के लिए मैनेज परियोजना सुविधा केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

मैनेज के संबंधित सेन्टर हेड के साथ वे अपने विचारों को साझा कर सकते हैं, परियोजना को विकसित और कार्यान्वित कर सकते हैं। यह एक रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल होगा। सेवा सदस्यों के रेवेन्यू की गणना परियोजना की प्रकृति के आधार पर मामला दर मामले के आधार पर व्यापक रूप से की जाएगी।

इसके अलावा, 20 से 21 अप्रैल, 2021 के दौरान सेवा (SEVA) भागीदारों के लिए कृषि विस्तार पर एक ओरिएन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। दो दिवसीय ओरिएन्टेशन कार्यक्रम के दौरान, मैनेज के सभी केंद्र प्रमुखों ने उनके केंद्रीय विषयों पर एक सत्र लिया। कुछ सेवा (SEVA) सदस्यों ने कुछ केंद्रों से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की है।

चूंकि कई सेवा (SEVA) सदस्य अपने डोमेन ज्ञान में अपार अनुभव और विशेषज्ञता प्राप्त किए हुए है, इसलिए एक तीसरा वेबिनार 12-05-2021 को उनके अनुभव / विशेषज्ञता साझा करने के अवसर पैदा करने के लिए निर्धारित किया गया है। यह, प्रत्येक सेवा सदस्य की विशेषज्ञता के बारे में जानने में मदद करेगा ताकि उन्हें आपस में एक नेटवर्क बनाने में सुविधा होगी।

इसके अलावा, मैनेज ने कोविड-19 के प्रति जागरूकता प्रदान करने पर एक पीपीटी तैयार किया है। पीपीटी के साथ-साथ भारत सरकार, आईसीएआर और आईवीआरआई द्वारा जारी परामर्श और दिशा-निर्देशों, को सभी (सेवा) सदस्यों को भेजा गया और उनसे किसानों में जागरूकता पैदा करके कोविड -19 के खिलाफ लड़ने के लिए मैनेज के साथ जुड़ने का अनुरोध किया गया।

मैनेज कृषि ज्ञानदीप नॉलेज लेक्चर सीरीस-2

डॉ. मोहन कंदा, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) द्वारा "कृषि विस्तार का पुनरुद्धार: मेरे अनुभव"

डॉ. मोहन कंदा, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त), पूर्व सचिव,कृषि मंत्रालय, भारत सरकार और उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (एनडीएमए) ने 20 अप्रैल, 2021 को मैनेज कृषि ज्ञानदीप नॉलेज लेक्चर श्रृंखला के भाग के रूप में **"कृषि विस्तार का पुनरुद्धार: मेरे अनुभव"** पर एक व्याख्यान दिया।

अपने व्याख्यान में, उन्होंने बताया कि बुनियादी विज्ञान जैसे भौतिकी, रसायन विज्ञान, विपणन आदि के साथ कृषि कैसे संबंधित है और उन्होंने मैक्रो प्रबंधन, मूल्य श्रृंखला कृषि के बारे में भारत और कई विकासशील देशों में उनके वास्तविक जीवन के अनुभवों के उदाहरणों के साथ चर्चा की। उन्होंने बाजार उन्मुख कृषि पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की, जिसमें नवीन तकनीकों, विस्तार मध्यस्थताओं और आधुनिक आईसीटी अनुप्रयोगों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने वाली रणनीतियों पर प्रकाश डाला है। महानिदेशक, मैनेज, संकाय सदस्यों और अनुसंधान कर्मचारियों सहित लगभग 100 प्रतिभागियों ने इस व्याख्यान में भाग लिया। उनका पूरा व्याख्यान मैनेज यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

पोषण संवेदी कृषि के लिए दक्षताओं पर मैनेज - एफएओ की परियोजना

पोषण-संवेदी कृषि और खाद्य प्रणालियों के लिए दक्षताओं को सुदृढ़ बनाना

इस क्षेत्र में कुपोषित आबादी का एक बड़ा हिस्सा भारत का है। भारत में पोषण संबंधी मुद्दे जटिल हैं और इसलिए बहुआयामी, बहु-विषयक समाधान की आवश्यकता है। हरित क्रांति के कई दशकों के बाद भी कुपोषण, विकास की एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। समाधान का एक पहलू कृषि विस्तार के माध्यम से खेत और घरेलू स्तर पर कुपोषण के कारणों और समाधान के बारे में ज्ञान को समृद्ध करना है। पोषण के प्रति संवेदनशील कृषि ज्ञान का प्रसार न केवल भारत में कृषि विस्तार की गतिविधि है, बल्कि विस्तार अधिकारियों के सुस्थापित नेटवर्क के माध्यम से इसे एकीकृत करने की एक बड़ी संभावना है। इसे देखते हुए मैनेज और यूएन-एफएओ की एक सहयोगी परियोजना जिसकी शीर्षक है: **"पोषण-संवेदनशील कृषि और खाद्य प्रणालियों के लिए दक्षताओं को सुदृढ बनाना - भारत में कृषि ईएएस प्रदाताओं द्वारा प्रशिक्षण में पोषण का एकीकरण"** की योजना बनाई गई थी और इसे लागू किया जा रहा था।

एफएओ परियोजना के उद्देश्य हैं:

- प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में पोषण को शामिल करने की वकालत करना।
- प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में पोषण के सफल एकीकरण का पर्यवेक्षण करना।
- आरएएस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में पोषण के सफल एकीकरण के लिए दूसरों के साथ भागीदारी करना।

मैनेज विस्तार प्रबंधन में एक शीर्षस्त राष्ट्रीय संस्थान है। संस्थान में खाद्य और पोषण के साथ-साथ कृषि विस्तार के विशेषज्ञ संकाय उपलब्ध हैं। संस्थान कृषि ईएएस (विस्तार सलाहकारी प्रणाली) प्रदाताओं के लिए पोषण संवेदनशील कृषि पर एक प्रशिक्षण पैकेज विकसित करेगा। इसके अलावा, पायलट प्रशिक्षण पैकेज का परीक्षण करें। क्षेत्र के विशेषज्ञों को शामिल करके पायलट परीक्षण के निष्कर्षों के अनुसार प्रशिक्षण पैकेज में संशोधन। ईएएस पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण पैकेज के संस्थानीकरण के लिए एक रोड मैप विकसित करना और इस मानचित्र पर पहले चरणों को पूरा करना है। अखिल भारतीय स्तर से पोषण संवेदनशील कृषि के प्रति दो स्तरों यानी मिड-सीनियर और फील्ड स्तर पर विस्तार सलाहकार प्रणाली को संवेदनशील बनाया जाएगा। परोक्ष रूप से यह कृषक समुदाय के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति के सुधार में योगदान देगा।

इस परियोजना का नेतृत्व डॉ. विनीता कुमारी, उप निदेशक, जेन्डर स्टडीज, डॉ. सरवणन राज, निदेशक, कृषि विस्तार, डॉ शिरीशा जुनुथुला, प्रोजेक्ट एसोसिएट-टेक्निकल और श्री अनिल कुमार, आईटी विशेषज्ञ ने किया। यह टीम फंडिंग, तकनीकी सहायता और मूल्यांकन में मदद करेगी।

मैनेज - समुन्नती स्टार्ट-अप अवार्ड्स

समुन्नती एक कृषि उद्यम के सहयोग से मैनेज ने, 'नए युग के कृषि स्टार्ट-अप के साथ कृषि पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण' विषय के साथ एग्री स्टार्टअप्स के लिए मैनेज-समुन्नती स्टार्टअप अवार्ड्स प्रारंभ किया है। इन पुरस्कारों के लिए पंजीकरण करने के लिए निम्नलिखित नियमों को पूरा किया जाना चाहिए:

- व्यक्ति भारत-आधारित कृषि-केंद्रित स्टार्ट-अप होना चाहिए।
- स्टार्ट-अप के पास कम से कम 2 वर्ष पुराना, आसानी से व्यावसायीकृत एक न्यूनतम व्यवहार्य उत्पाद होना चाहिए।
- स्टार्ट-अप 7 वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।

क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर कुल 18 पुरस्कार होंगे। विजेताओं को ट्रॉफी के साथ नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के लिए क्षेत्र है पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और उत्तर पूर्व हैं। अधिक जानकारी के लिए लिंक का अनुसरण करें: https://managessamunnatistartupawards.in/

कृषि विस्तार प्रबंधन के लिए जर्नल में योगदान करें

जर्नल ऑफ एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन मैनेजमेंट, मैनेज का एक अर्धवार्षिक प्रकाशन है, जिसका उद्देश्य विस्तार प्रणालियों और प्रथाओं, विस्तार पर अनुसंधान, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में नवाचारों और कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित अन्य सामाजिक आर्थिक मुद्दों से संबंधित जानकारी का प्रसार करना है। मैनेज नए विकास, अवधारणाओं और प्रभावी विस्तार कार्य में उनके अनुप्रयोग पर लेखों का स्वागत करता है। लेखक अपने लेख कार्यकारी संपादक, जर्नल ऑफ एग्रिकल्चरल एक्सटेन्शन मैनेजमेंट, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज), राजेंद्रनगर, हैदराबाद को प्रस्तुत कर सकते हैं। लेख ईमेल द्वारा jaem@manage.gov.in पर भी भेजे जा सकते हैं।



मैनेज बुलेटिन का प्रकाशक :

डॉ. पी.चंद्रा शेखरा, महानिदेशक

राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज)

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त संगठन

राजेंद्रनगर, हैदराबाद -500 030,

दूरभाष: 040-24594509, फैक्स: 040-24015388

मुख्य संपादक :

डॉ. पी. चंद्रा शेखरा

संपादक

डॉ. श्रीनिवासाचार्युलु

एसोसिएट एडिटर

डॉ. के. श्रीवल्ली

संकलन और डिजाइन

सुश्री वाई जाह्नवी